हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
सोमवार, 01 अप्रैल 2019, बरेली, प्रांत प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com

PAGE NO 7 : MIDDLE

एसआरएमएस में देखी लाइव सर्जरी

बरेली। श्रीराममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में रविवार को लैपरोस्कोपिक सर्जरी कार्यशाला का अंतिम दिन था। तीन दिवसीय कार्यशाला में देश के विभिन्न हिस्सों से 200 से अधिक जनरल सर्जन व पीजी एवं पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों ने भाग लिया था। यह जानकारी कोर्स के आयोजन चेयरमैन डॉ. एसके सागर ने दी। अंतिम दिन सर्जन को वीडियो से लाइव सर्जरी प्रदर्शित की गई जिसमें हार्निया के ऑपरेशन में नवीनतम तकनीकों को दर्शाया गया। जिसमें टीईपी और टीएपीपी प्रमुख थे। लाइव ऑपरेशन के दौरान सर्जरी के विभिन्न आयामों एवं जटिलताओं पर विशेष रूप से चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त एकैल्शिया नामक एक दुर्लभ बीमारी की सर्जरी लाइव दिखाई गयी।